

फरवरी-2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

➡ उपलब्धियाँ

➡ सराहनीय कार्य

➡ उल्लेखनीय कार्य

➡ कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### बीटिंग दि रिट्रीट सम्पन्न





दिनांक 29.01.2019 : गणतन्त्र दिवस के तीसरे दिन पुलिस लाइन, लखनऊ में 'बीटिंग द रिट्रीट' सेना के पाइप एवं ड्रम बैण्ड, पीएसी का ब्रास बैण्ड, मिलिट्री के बैण्ड एवं होमगार्ड ब्रास बैण्ड द्वारा संयुक्त मधुर धुन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. राज्यपाल, उ.प्र., श्री राम नाईक ने गणतंत्र दिवस 2019 की मार्चिंग के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु एटीएस कमाण्डो, उ.प्र. टोली को प्रथम, पीएसी मध्य जोन एवं यूपी होमगार्ड टोली को द्वितीय तथा उ.प्र. पुलिस टोली को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया।

### राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय दल का 04 दिवसीय उत्तर प्रदेश का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम

दिनांक 28.01.2019 : दिनांक 27.01.2019 से 04 दिवसीय उ.प्र. भ्रमण पर आये राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 16 सदस्यीय दल ने रियर एडमिरल डी.एम. सूडान, एसडीएस के नेतृत्व में आईटैक्स यूपी100 का भ्रमण किया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने दल को उ.प्र.पुलिस द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा एक प्रस्तुतीकरण भी किया गया।





### मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पर गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम





श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्यालय प्रांगण में गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण किया तथा सभी अधिकारियों एव कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए भारतीय गणतन्त्र का संकल्प दिलाया। पुलिस महानिदेशक ने राष्ट्रपति के वीरता/उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा पदक तथा पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा पदक/सम्मान चिन्ह अर्जित करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। मुख्यालय में 02 सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 01 प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम), 04 प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण) व 52 प्रशंसा चिन्ह (रजत) पाने वाले कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने अलंकृत किया।





### रिक्रूट आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण सम्पन्न

मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. के दिनांक 25.07.2018 को पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ पर वर्चुअल क्लास एवं फेसबुक लाइव द्वारा शुभारम्भित एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के निर्देशन में रिक्रूट आरक्षियों का 06 माह का आधारभूत प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। उ.प्र. के 85 जनपदीय/पीएसी वाहिनी, आरटीसी प्रशिक्षण केन्द्रों तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल/उत्तराखण्ड पुलिस बल के 14 प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 19,148 पुरुष आरक्षी, 5,214 महिला आरक्षी तथा 3,590 आरक्षी पीएसी ने प्रशिक्षण पूर्ण किया। श्री गोपाल गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण द्वारा निरन्तर अनुश्रवण करके प्रशिक्षण समय से पूर्ण कराया गया। दिनांक 24.01.2019 को पासिंग आउट परेड भी सम्पन्न हुई।





## जन कल्याण सेवाएँ

### प्रवासी भारतीयों हेतु उ.प्र. पुलिस की पहल

• दिनांक 21.01.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 'प्रवासी भारतीय दिवस 2019' पर वाराणसी में बताया कि उ.प्र. पुलिस ने प्रवासी भारतीयों की समस्याओं के निवारण हेतु @UPPolNRI ट्विटर हैण्डिल बनाया है। प्रवासी भारतीयों की ई–मेल uppolicenri@gmail.com पर प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पर NRI सेल गठित है। प्रवासी भारतीयों के लिये डिजिटल वालेण्टियर बनाये गये हैं। यूपी–100 के माध्यम से भी प्रवासी भारतीयों की शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। उ.प्र. पुलिस उ.प्र. सरकार के NRI विभाग के साथ सम्मिलित रूप से कार्य कर रही है। IGRS पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। उ.प्र. पुलिस की ओर से एक लघु फिल्म प्रसारित की गयी जिसमें पुलिस द्वारा प्रवासी भारतीयों के लिये किये गये कार्यों व शिकायतों के निस्तारण हेतु की गयी कार्यवाही व सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया।

## उपलब्धि

### दो प्रशिक्षण केन्द्रों को यूनियन होम मिनिस्टर्स ट्रॉफी

• गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत बी.पी.आर.एण्डडी. (ट्रेनिंग डिवीज़न) ने देश के 6 ज़ोन के कुल 14 प्रशिक्षण केन्द्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण के लिए "यूनियन होम मिनिस्टर्स ट्रॉफी" प्रदान करने का निर्णय लिया है जिनमें पी.टी.सी., मुरादाबाद एवं पी.टी.एस., मेरठ सम्मिलित हैं।

## तकनीकी उन्नयन

• दिनांक 16.01.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने CCTNS एवं ICJS (Interoperable Criminal Justice System) की बैठक की व e-Prosecution पोर्टल का शुभारम्भ किया। इससे लखनऊ के सभी थाने एसपीओ, लखनऊ से विवेचनाओं में ऑन–लाईन विधिक राय ले सकेंगे। लखनऊ एवं मुरादाबाद में प्रयोग सफल होने पर व्यवस्था अन्य जनपदों में भी लागू की जायेगी।

## सराहनीय कार्य

• दिनांक 30.01.2019 : एटा में 07 चोर मय चोरी के रु. 04 लाख के जेवरात गिरफ्तार।

• दिनांक 28.01.2019 : सीतापुर से एटीएम के 03 चोर मय चोरी के रु. 9,20,000.00 गिरफ्तार। बरेली से 05 लुटेरे मय रु. 26.50 मूल्य के सामान गिरफ्तार।

• दिनांक 23.01.2019 : रायबरेली में दिनांक 18.01.2019 को घटित रु. 4,76,000.00 की लूट का अनावरण, 02 अभियुक्त मय धन गिरफ्तार।

• दिनांक 22.01.2019 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा लेखपाल, आजमगढ़ रु. 5,000.00 रिश्वत लेते गिरफ्तार।

• दिनांक 21.01.2019 : हमीरपुर से 04 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 8.40 लाख नकद बरामद। दिनांक 20.01.2019 : रायबरेली से 12 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 25 लाख के चोरी के सामान बरामद।

• दिनांक 18.01.2019 : सिद्धार्थनगर से 02 चोर गिरफ्तार, रु. 08 लाख के जेवर बरामद।

• दिनांक 16.01.2019 : गाज़ियाबाद से 06 बदमाश मय लूट की 20.400 कि.ग्रा. चांदी (बरूदा) व रु. 3,60,000.00 नकद गिरफ्तार।

• दिनांक 14.01.2019 : चन्दौली से 02 चोर गिरफ्तार, रु. 12 लाख के जेवर/नकदी बरामद।

• दिनांक 12.01.2019 : डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त डिटेंशन आर्डर के क्रम में कोलकता के कोफेपोसा एक्ट, 1974 केस का अपराधी जालौन से गिरफ्तार।

• दिनांक 10.01.2019 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा कनिष्ठ लिपिक, पशुपालन विभाग, अलीगढ़ रु. 3,000.00 रिश्वत लेते गिरफ्तार।

• दिनांक 09.01.2019 : रायबरेली में एटीएम से रुपये निकाल कर बाहर निकले व्यक्ति से एक अज्ञात व्यक्ति ने धमकी देकर बैग छीन लिया व पूर्व से तैयार खड़े चार पहिया वाहन से साथी के साथ भाग गया। वादी ने यूपी 100 को सूचित किया। अभियोग पंजीकृत कर घेराबन्दी की गयी परिणामस्वरुप 01 बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार।

• दिनांक 09.01.2019 : उ.प्र. सतर्कता अधिष्ठान द्वारा अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद, सीतापुर रु. 50,000.00 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार।

• दिनांक 08.01.2019 : मुरादाबाद में 03 चोरों से रु. 32 लाख के सामान की बरामदगी। गाज़ियाबाद में 02 ठग रु. 04 लाख के नकली नोटों की गड्डी सहित गिरफ्तार।

• दिनांक 07.01.2019 : चित्रकूट के जंगलों में डकैत बबली कोल गिरोह से एसटीएफ व डीआईजी, बाँदा परिक्षेत्र की टीम की मुठभेड़ में उ.प्र. से रु. 50,000.00 व मध्य प्रदेश से रु. 10,000.00 का पुरस्कार घोषित डकैत पप्पू कोल गिरफ्तार। बरेली में प्रातः सर्राफा कर्मियों से लूटे गये रु. 15 लाख पुलिस कार्यवाही में बरामद। गोरखपुर में 02 चोर रु. 20 लाख व कासगंज में 03 चोर रु. 10 लाख के जेवरात सहित गिरफ्तार। पीलीभीत में 01 ही परिवार के 05 सदस्यों की हत्या कर लूटे गये रु. 3,85,020.00 का एक अभियुक्त गिरफ्तार।

• दिनांक 06.01.2019 : महोबा में 03 अभियुक्त मय 157 बोरी अमोनियम नाइट्रेट (विस्फोटक), 4400 एक्सप्लोसिव (जिलेटिन छड़), 970 ई0डी0 गिरफ्तार।

• दिनांक 02.01.2019 : कुशीनगर में कैश वैन के 03 लुटेरे मय लूट के रु. 46,36,200.00/ आग्नेयास्त्र, भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा झाँसी में राजस्व निरीक्षक, जिला पंचायत, बाँदा रु. 23,000.00 तथा आगरा में रजिस्ट्रार कानूनगो, कासगंज रु. 3,000.00 रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

## कल्याण

• पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल/समतुल्य पद एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को उ.प्र. शासन के शासनादेश दिनांक 01.01.2019 द्वारा वर्दी प्रतिपूर्ति भत्ता/वर्दी भत्ता निम्नानुसार पुनरीक्षित किया गया है–

| क्र. | पदनाम | वर्तमान में लागू दरें (रु. प्रतिवर्ष) | पुनरीक्षित दरें (रु. प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस बल के समस्त हेड कान्सटेबल/समतुल्य पद एवं कान्सटेबल/समतुल्य पद | 2250.00 | 3000.00 |
| 2 | समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 1500.00 | 2000.00 |

## नवीन स्वीकृतियाँ

• उ.प्र. शासन द्वारा 02–02 यूनिट के 54 अग्निशमन केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

• उ.प्र. शासन द्वारा विवेचना फण्ड हेतु अलग से बजट प्रदान किया गया है।

## पुरस्कार/पदक/सम्मान चिन्ह/प्रशंसा चिन्ह

• गणतंत्र दिवस–2019 पर उ.प्र. पुलिस के अधि./कर्म. ने निम्न पदक अर्जित किये–

| पदक | संख्या |
|---|---|
| वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक पदक | 10 |
| विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक | 06 |
| सराहनीय सेवा के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक | 73 |
| पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह | 50 |
| पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह | 200 |
| पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) | 10 |
| पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण) | 53 |
| पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (रजत) | 476 |

• दिनांक 10.01.2019: पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100 के द्वितीय स्थापना दिवस पर "सर्वाधिक पीआरवी ऑफ द डे" प्राप्त करने वाले 10 पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया।





## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

• जाली भारतीय मुद्रा की बरामदगी

| तिथि | स्थान | मुद्रा (रु.) | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 12.01.2019 | चन्दौली | 5,20,000.00 | 01 |
| 31.12.2018 | वाराणसी | 8,00,000.00 | 01 |

### एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 27.01.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 | 10.01.19 | पंजाब | 01 |
| 22.01.19 | हरियाणा | 01 | 01.01.19 | प्रयागराज | 01 |
| 11.01.19 | औरैया | 01 | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 19.01.19 | बलिया | 01 | 14.01.19 | गोरखपुर | 01 |
| 18.01.19 | प्रयागराज | 01 | 12.01.19 | मध्य प्रदेश | 01 |
| 17.01.19 | मुरादाबाद | 01 | 04.01.19 | सुल्तानपुर | 01 |
| 14.01.19 | बरेली | 01 | 27.12.18 | पश्चिम बंगाल | 02 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| 19.12.18 | मऊ | 01 | | | |

- दिनांक 23.01.2019 : 205 कछुओं सहित अन्तर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर कानपुर से गिरफ्तार।
- दिनांक 22.01.2019 : विभिन्न फर्टीलाईज़र कम्पनियों की नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्री का भण्डाफोड़, 11,237 बोरी नकली खाद के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार। मा. प्रधान मंत्री जी के कार्यालय का अधिकारी बनकर जालसाजी करने वाला अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 20.01.2019 : उ.प्र. सिविल कोर्ट स्टाफ केंद्रीयकृत भर्ती 2018–19 की ग्रुप–डी परीक्षा में साल्वर गैंग के सरगना सहित 03 अभियुक्त कानपुर नगर व 08 अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 11.01.2019 : 327 कछुओं सहित अन्तर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर इटावा से गिरफ्तार। मुरादाबाद से मोबाईल पर मा. सांसद का नजदीकी बताकर मा. सांसद से ठगी करने वाला गजरौला से गिरफ्तार।
- दिनांक 07.01.2019 : भारतीय सेना में नौकरी हेतु बेरोजगारों को ठगने वाले 02 ठग गिरफ्तार।
- दिनांक 06.01.2019 : ग्रेटर नोएडा में वीवो कम्पनी के लूट के 1305 मोबाइल सहित 04 अभियुक्त तथा सहायक शिक्षक अध्यापक भर्ती परीक्षा–2019 में नकल कराने वाले 09 अभियुक्त लखनऊ व 4 अभियुक्त प्रयागराज से गिरफ्तार।

## शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 21.01.19 | कानपुर | 20000 लीटर | -- | -- | 02 |
| 12.01.19 | आगरा | 950 | -- | 33 लाख | 01 |
| 11.01.19 | लखनऊ | 664 | -- | 23 लाख | 07 |
| 11.01.19 | लखनऊ | -- | 58 कि.ग्रा. चरस | 2 करोड़ | 02 |
| 01.01.19 | बस्ती | -- | 204 कि.ग्रा.गाँजा | 20 लाख | 06 |

## जनपदीय पुलिस
## इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 27.01.19 | कुशीनगर | 01 | 03.01.19 | हरदोई | 01 |
| 07.01.19 | गाज़ियाबाद | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 30.01.19 | हरदोई | 01 | 07.01.19 | महराजगंज | 01 |
| 29.01.19 | गोरखपुर | 02 | 06.01.19 | कानपुर नगर | 02 |
| 24.01.19 | वाराणसी | 01 | 06.01.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 23.01.19 | बुलन्दशहर | 01 | 06.01.19 | शामली | 01 |
| 21.01.19 | मुरादाबाद | 01 | 05.01.19 | वाराणसी | 01 |
| 16.01.19 | कुशीनगर | 01 | 05.01.19 | पीलीभीत | 01 |
| 15.01.19 | प्रतापगढ़ | 01 | 05.01.19 | सुल्तानपुर | 01 |
| 14.01.19 | कासगंज | 01 | 05.01.19 | बाराबंकी | 02 |
| 14.01.19 | हाथरस | 01 | 04.01.19 | मैनपुरी | 01 |
| 14.01.19 | रामपुर | 01 | 04.01.19 | फतेहगढ़ | 01 |
| 14.01.19 | कानपुर नगर | 06 | 04.01.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 13.01.19 | कानपुर नगर | 01 | 03.01.19 | पश्चिम बंगाल | 02 |
| 11.01.19 | रायबरेली | 01 | 03.01.19 | जालौन | 01 |
| 11.01.19 | वाराणसी | 01 | 02.01.19 | जालौन | 01 |
| 10.01.19 | बलिया | 01 | 02.01.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 10.01.19 | कानपुर देहात | 01 | 01.01.19 | कुशीनगर | 01 |
| 07.01.19 | मैनपुरी | 01 | 01.01.19 | चित्रकूट | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| 28.01.19 | शामली | 03 | 16.01.19 | प्रयागराज | 01 |
| 28.01.19 | फतेहपुर | 01 | 15.01.19 | एटा | 01 |
| 25.01.19 | बलिया | 01 | 14.01.19 | कानपुर देहात | 02 |
| 25.01.19 | बरेली | 01 | 12.01.19 | कौशाम्बी | 01 |
| 22.01.19 | हरदोई | 01 | 10.01.19 | कानपुर देहात | 02 |
| 17.01.19 | शामली | 01 | 05.01.19 | हरदोई | 01 |
| 16.01.19 | बलिया | 01 | 04.01.19 | हरदोई | 02 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| 29.01.19 | खीरी | 01 | 15.01.19 | मुज़फ्फरनगर | 02 |
| 29.01.19 | शाहजहाँपुर | 01 | 14.01.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 28.01.19 | रायबरेली | 01 | 13.01.19 | हरदोई | 01 |
| 28.01.19 | सहारनपुर | 01 | 11.01.19 | मेरठ | 01 |
| 24.01.19 | रायबरेली | 02 | 09.01.19 | बरेली | 01 |
| 23.01.19 | कन्नौज | 01 | 09.01.19 | कानपुर देहात | 02 |
| 22.01.19 | गोरखपुर | 01 | 08.01.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 21.01.19 | गोरखपुर | 02 | 08.01.19 | बाँदा | 01 |
| 19.01.19 | चन्दौली | 01 | 08.01.19 | मैनपुरी | 02 |
| 18.01.19 | मुज़फ्फरनगर | 02 | 07.01.19 | मैनपुरी | 01 |
| 18.01.19 | रायबरेली | 03 | 04.01.19 | रायबरेली | 01 |
| 18.01.19 | जौनपुर | 01 | 03.01.19 | एटा | 01 |
| 17.01.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 03.01.19 | गोरखपुर | 01 |
| 17.01.19 | महराजगंज | 02 | 02.01.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 16.01.19 | झाँसी | 01 | 31.12.19 | हरदोई | 01 |
| 16.01.19 | रायबरेली | 01 | 31.12.18 | मेरठ | 01 |
| 16.01.19 | कुशीनगर | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 12,000.00 | | | | | |
| 30.01.19 | खीरी | 01 | 19.01.19 | वाराणसी | 01 |
| 24.01.19 | वाराणसी | 01 | 16.01.19 | वाराणसी | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| 29.01.19 | जौनपुर | 01 | 15.01.19 | अलीगढ़ | 03 |
| 29.01.19 | बलिया | 02 | 13.01.19 | बलरामपुर | 01 |
| 27.01.19 | खीरी | 01 | 11.01.19 | चित्रकूट | 01 |
| 26.01.19 | हाथरस | 01 | 07.01.19 | जालौन | 01 |
| 24.01.19 | रायबरेली | 01 | 05.01.19 | गोरखपुर | 01 |
| 23.01.19 | अमेठी | 01 | 02.01.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 22.01.19 | अलीगढ़ | 01 | 02.01.19 | खीरी | 01 |
| 21.01.19 | बाराबंकी | 02 | | | |
| इनाम (रु.) : 8,000.00 | | | | | |
| 30.12.18 | खीरी | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 5,000.00 | | | | | |
| 31.12.18 | बाराबंकी | 01 | | | |

## शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 30.01.19 | अलीगढ़ | 920 | -- | 31 लाख | 01 |
| 27.01.19 | शामली | 125 | -- | 6.50लाख | 02 |
| 25.01.19 | मऊ | -- | 5,017.50 कि. ग्रा. गाँजा | 52 लाख | 04 |
| 22.01.19 | सहारनपुर | 900 | -- | 22 लाख | 02 |
| 21.01.19 | बागपत | -- | 2.4 कि.ग्रा. अफीम | 60 लाख | 01 |
| 16.01.19 | बहराइच | -- | 80 ग्रा.स्मैक | 14 लाख | 01 |
| 15.01.19 | बलिया | 1171 | -- | 67.44 लाख | 03 |
| 14.01.19 | मऊ | -- | 540 ग्रा. हेरोईन | 54 लाख | 01 |
| 14.01.19 | देवरिया | 1300 | -- | 50 लाख | 12 |
| 11.01.19 | फिरोज़ाबाद | 525 | -- | 17.64 लाख | 02 |
| 10.01.19 | चन्दौली | 100 | -- | 3.39 लाख | 04 |
| 07.01.19 | वाराणसी | -- | 1.645 कि. ग्रा. हेरोईन | 3 करोड़ | 02 |
| 06.01.19 | एटा | 6520 लीटर | -- | 2 करोड़ | 02 |
| 06.01.19 | मुज़फ्फरनगर | 471 | -- | -- | 02 |
| 31.12.18 | वाराणसी | -- | 55 कि.ग्रा. गाँजा | 25 लाख | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, एटा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बुलन्दशहर, वाराणसी, सम्भल, सहारनपुर, मेरठ, हरदोई, मुरादाबाद, कासगंज, मऊ, गोरखपुर, बहराइच, चंदौली, महराजगंज, मुज़फ्फरनगर, अलीगढ़, हाथरस, झाँसी, देवरिया, हमीरपुर, फिरोज़ाबाद, कुशीनगर, बागपत, बलिया, महोबा, चित्रकूट, पीलीभीत, सीतापुर, श्रावस्ती, प्रतापगढ़, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर, सम्भल, गाजीपुर, अमरोहा, गोण्डा, रायबरेली, उन्नाव, अमेठी, बस्ती इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र–08/2019 दिनांक 25.01.2019 द्वारा हर्ष फायरिंग की घटनाओं के प्रभावी रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र–07/2019 दिनांक 25.01.2019 द्वारा अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोले जाने के सम्बन्ध में निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र–06/2019 दिनांक 20.01.2019 द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498ए के अन्तर्गत अभियोगों के पंजीकरण, गिरफ्तारी एवं विवेचना के सम्बन्ध में मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्याः 73/2015 सोशल एक्शन फोरम फॉर मानवाधिकार व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित निर्णय दिनांक 14.09.2018 के अनुपालन हेतु निर्देश,

4) डीजी–परिपत्र–05/2019 दिनांक 18.01.2019 द्वारा केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियमित मानसिक स्वास्थ्य देख–रेख अधिनियम–2017 के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश,

5) डीजी–परिपत्र–04/2019 दिनांक 17.01.2019 द्वारा पुलिस कार्मिकों के घायल अथवा बीमार हो जाने, कर्तव्य पालन के दौरान अथवा अन्य कारणों से देहान्त हो जाने एवं शोक सभा के आयोजन के सम्बन्ध में निर्देश,

6) डीजी–परिपत्र–03/2019 दिनांक 12.01.2019 द्वारा साईबर अपराधों की विवेचना के सम्बन्ध में निर्देश,

7) डीजी–परिपत्र–02/2019 दिनांक 07.01.2019 द्वारा मा.सर्वोच्च न्यायालय में योजित जनहित याचिका संख्याः 116/1998 जस्टिस सुनन्दा भण्डारी फाउण्डेशन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में दिव्यांगजनों के संरक्षण इत्यादि के अनुपालनार्थ निर्देश,

8) डीजी–परिपत्र–01/2019 दिनांक 02.01.2019 द्वारा आपराधिक मामलों की गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक एवं समयबद्ध वैधानिक विवेचना सम्पादित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश।

• पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने जनवरी 2019 में समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. दिनांक 27 एवं 28.01.2019 को 35 जनपदों के 720 परीक्षा केन्द्रों पर 02 शिफ्टों में प्रस्तावित आरक्षी ना.पु./आरक्षी पी.ए.सी. सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के सफल एवं सुरक्षित आयोजन हेतु वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा निर्देश,

2. दिनांक 18/24.01.2019 : गणतन्त्र दिवस हेतु सुरक्षा–व्यवस्था एवं परेड की तैयारियों की समीक्षा व सुरक्षा–व्यवस्था, परेड एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देश,

3. जनपदीय जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अधीनस्थ न्यायालय परिसरों, न्यायिक अधिकारियों, वादकारियों की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देश,

4. कुम्भ पर्व 2019 पर गंगा एवं सहायक नदियों की अविरलता, निर्मलता एवं स्वच्छता हेतु निर्देश।


## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

• दिनांक 24.08.2018 के निर्देश के फलस्वरूप प्रभावी पैरवी के सार्थक परिणाम

| ज़ोन | हत्या | 354/376 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट | गैगेंस्टर एक्ट |
|---|---|---|---|
| आगरा | 35 | 28 | –– |
| मेरठ | –– | –– | 08 |
| लखनऊ | 29 | 23 | 12 |
| प्रयागराज | –– | –– | –– |
| बरेली | –– | –– | –– |
| कानपुर | 35 | –– | 15 |
| गोरखपुर | –– | –– | –– |
| वाराणसी | 44 | 22 | 34 |
| कुल सजा | कुल 219 अभियुक्त मा. न्यायालय ने मृत्युदण्ड, आजीवन कारावास क्रमशः 20 एवं 10 वर्ष के कठोर दण्ड सहित अर्थदण्ड से दण्डित किये। | कुल 129 अभियुक्त मा. न्यायालय ने आजीवन कारावास, 20, 10 एवं 07 वर्ष के कठोर कारावास सहित भारी अर्थदण्ड से दण्डित किये। | कुल 52 अभियुक्त मा. न्यायालय ने 05 वर्ष की कठोर सजा एवं अर्थदण्ड से दण्डित किये। |

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

• दिनांक 09.01.2019 : सिद्धार्थनगर में अपराध शाखा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन, भ्रमण, स्टाफ सम्मेलन, वृक्षारोपण व चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को कम्बल वितरित किये गये।




• दिनांक 03.01.2019 : मुख्य सचिव उ.प्र. शासन, श्री अनूप चन्द्र पाण्डेय एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., श्री ओ.पी. सिंह ने कुम्भ मेला, प्रयागराज में मेला क्षेत्र, संगम, पुलिस लाइन, केन्द्रीय अस्पताल, इन्ट्रीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर का भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा की व मार्गदर्शन किया।




## विविध

• दिनांक 27.01.2019 : आरक्षी ना.पु. व पीएसी भर्ती परीक्षा–2019 में अनुचित संसाधनों के प्रयोग हेतु 11 अभियोग पंजीकृत हुए। जनपदीय पुलिस ने 15 व एसटीएफ ने 18 गिरफ्तारियाँ कीं। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने स्वयं लखनऊ में 03 परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।




• दिनांक 25.01.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्यालय पर "राष्ट्रीय मतदाता शपथ" दिलायी।




• दिनांक 18.01.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100 में 54 पीआरवी कर्मियों के छठवें 18 दिवसीय "फर्स्ट रेस्पांडर कोर्स" व 39 पीआरवी चालकों के दो दिवसीय "ड्राइवर सर्टीफिकेशन कोर्स" का समापन किया।


• दिनांक 17.01.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने राज्य आपदा मोचन बल के प्रशासनिक भवन, परिवहन शाखा, कर्मचारियों के आवास एवं बैरक सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

## प्रयागराज कुम्भ–2019

| दिनांक | गतिविधि |
|---|---|
| 30.01.19 | डीआईजी, कुम्भ मेला द्वारा 21 आईपीएस प्रशिक्षुओं की ब्रीफिंग |
| 29.01.19 | मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. का भ्रमण एवं उ.प्र. कैबिनेट की कुम्भ मेला में बैठक, रियर एडमिरल डी.एम. सूडान के नेतृत्व में रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली के 16 सदस्यीय दल का भ्रमण |
| 27.01.19 | स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन |
| 24.01.19 | मा. प्रधानमंत्री, मॉरीशस, श्री प्रवीन्द जगन्नाथ का कुम्भ मेला भ्रमण, प्रवासी भारतीयों का टेण्ट सिटी में भव्य स्वागत |
| 23.01.19 | श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की शोभा यात्रा |
| 20.01.19 | प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा आदि हेतु डीआईजी, कुम्भ मेला व मेलाधिकारी की बैठक |
| 17.01.19 | मा. राष्ट्रपति, भारत गणराज्य, मा. राज्यपाल, उ.प्र., मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. इत्यादि महानुभावों का भ्रमण |
| 15.01.19 | मकर संक्रान्ति स्नान सम्पन्न |
| 14.01.19 | डीआईजी, कुम्भ मेला की सुरक्षा बैठक |
| 13.01.19 | एडीजी, पीएसी का भ्रमण, कुम्भ मेले में व्यवसायिक दक्षता हेतु पुलिस का शपथ ग्रहण कार्यक्रम, श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल की पेशवाई |
| 12.01.19 | भव्य एवं सुरक्षित मेले हेतु संगम घाट पर अधिकारियों द्वारा पूजन |
| 11.01.19 | आपदा प्रबन्धन योजना का रिहर्सल |
| 10.01.19 | मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. का भ्रमण, श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन की पेशवाई |
| 09.01.19 | एडीजी, कानून व्यवस्था का भ्रमण |
| 08.01.19 | जगद्गुरु शंकराचार्य श्री वासुदेवानन्द सरस्वती जी महराज की पेशवाई |
| 07.01.19 | श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा एवं श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा की पेशवाई |
| 06.01.19 | डीआईजी, कुम्भ मेला की केन्द्रीय पुलिस व आपदा मोचन इत्यादि बलों के साथ बैठक |
| 05.01.19 | मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. का भ्रमण |
| 03.01.19 | मुख्य सचिव उ.प्र. शासन एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का भ्रमण |
| 02.01.19 | श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी की पेशवाई |

## कुम्भ में पुलिस द्वारा जन सेवा

| दिनांक | सेवा कार्य |
|---|---|
| 27.01.19 | मुकुल मिश्रा, कानपुर की कार का शीशा तोड़कर मोबाईल, पर्स, नकदी इत्यादि का चोर गिरफ्तार। |
| 25.01.19 | अक्षयवट के बाहर एक व्यक्ति ठण्ड से बीमार होकर गिर पड़ा जिसे ड्यूटी पुलिस कर्मी द्वारा प्राथमिक उपचार देकर 108 एम्बुलेंस एवं कन्ट्रोल रूम को सूचना दी तथा एम्बुलेंस से केन्द्रीय चिकित्सालय, मेला क्षेत्र पहुँचाया। |
| 22.01.19 | थाना अक्षयवट गश्त पार्टी द्वारा रोती हुई बिछड़ी 07 वर्षीय बच्ची को एनाउन्समेन्ट कराकर परिजनों से मिलाया। |
| 21.01.19 | पौष पूर्णिमा पर श्रीमती सुभावती निवासिनी मुम्बई के खोये पर्स के बारे में महिला उ0नि0 अनुराधा वर्मा ने एनाउन्समेन्ट कराया। किसी के न आने पर प्रभारी निरीक्षक रश्मि सिंह ने पर्स में उपलब्ध विवरण के आधार पर मुम्बई सम्पर्क करके महिला को खोज कर पर्स वापस किया। |
| 19.01.19 | 1. थानाध्यक्ष, दक्षिणी झूँसी ने पर्स से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर लाउड स्पीकर से पर्स व मोबाइल के सम्बन्ध में एनाउन्समेन्ट कराया जिसे सुनकर श्री रामलोला सिंह ने पर्स मय एटीएम, आधार कार्ड इत्यादि प्राप्त किया।<br>2. थाना प्रभारी, जीटी झूँसी ने लाउड स्पीकर से एनाउन्समेन्ट करा कर श्री अनुपम श्रीवास्तव को महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप इत्यादि युक्त बैग वापस किया। |
| 16.01.19 | अक्षयवट दर्शन के दौरान बेहोश हुए दो दर्शनार्थियों को ड्यूटी पर नियुक्त पी.ए.सी. आरक्षियों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया व 108 एम्बुलेंस एवं कन्ट्रोल रूम को सूचना दी गयी। अल्प समय में ही एम्बुलेंस द्वारा दोनों को मेला क्षेत्र के केन्द्रीय चिकित्सालय पहुँचाया गया। |
| 15.01.19 | कुल 88 खोये–पाये व्यक्तियों (33 पुरुष, 50 महिला व 5 बच्चे) को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। साथ ही कुल 121 व्यक्तियों को एनाउन्समेंट द्वारा मिलवाया। |
| 13.01.19 | श्रीमती कलावती उम्र लगभग 32 वर्ष को खोया पाया केंद्र ने लाउडस्पीकर एवं महिला के पास उपलब्ध मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर उसके परिजनों से मिलवाया। |

निर्देशन : श्री संजीव गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर.के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500